# 2022

## GEOGRAPHY

**Time—Three Hours Fifteen Minutes**

*(First FIFTEEN minutes for reading the question paper only)*

**Full Marks — 90**

(For Regular and Sightless Regular Candidates)

**Full Marks — 100**

(For External and Sightless External Candidates)

*Special credit will be given for answers which are brief and to the point.*

*Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.*

['क' विभाग से 'च' विभाग तक दिए गए प्रश्न नियमित तथा वाह्य सभी परीक्षार्थियों के लिए हैं, एवं विभाग 'छ' में दिए गए प्रश्न केवल बाह्य परीक्षार्थियों के लिए हैं।]

'क' विभाग के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। अन्य विभागों के प्रश्न वैकल्पिक हैं। 'च' विभाग में केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थी दिए गए वैकल्पिक प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर देंगे। अन्य सभी के लिए मानचित्र चिह्नित करना है।

### विभाग—क

1. विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :— 1×14=14

1.1 जिस प्रक्रिया द्वारा भूमि की ऊँचाई कम होती है, उसे कहते हैं —

(क) ज्वालामुखी (ख) निक्षेपण

(ग) संचय (घ) निम्नीकरण

1.2 दो नदी बेसिनों के बीच की उच्च भूमि को कहते हैं —

(क) जल विभाजिका (ख) नदी मंच

(ग) प्राकृतिक बाँध (तटबन्ध) (घ) दोआब



https://www.westbengalboard.com

1.3 ग्लेशियर के द्वारा बनी झील है —

(क) कोरी झील
(ख) प्लाया झील
(ग) गोखुर झ.
(घ) लागून

1.4 वायु के संचय कार्य द्वारा बना मैदान कहा जाता है —

(क) स्तूप
(ख) हमादा
(ग) धियान
(घ) लोयस

1.5 सहारा मरुस्थल के नमकीन झीलों को कहते हैं —

(क) शाट्स
(ख) बोल्सन
(ग) धान्द
(घ) ताल

1.6 केन्द्रशासित प्रदेश लद्दाख को जिससे अलग किया गया —

(क) तेलंगाना
(ख) जम्मू और काश्मीर
(ग) उत्तराखण्ड
(घ) झारखण्ड

1.7 शिवालिक एवं लघु हिमालय के बीच घाटी को कहते हैं —

(क) भावर
(ख) तादार
(ग) कारेवा
(घ) दून

1.8 भारत की सबसे बड़ी नदी घाटी योजना है —

(क) हीराकुण्ड
(ख) भाखड़ा-नांगल
(ग) नागार्जुन सागर
(घ) राणा प्रताप सागर

1.9 'मानसूनी विस्फोट' सर्वप्रथम देखा गया —

(क) केरल में
(ख) कर्नाटक में
(ग) मेघालय में
(घ) पश्चिम बंगाल में



https://www.westbengalboard.com

1.10 जिस अंचल में 'चन्दन' वृक्ष उगता है, वह है —

(क) उष्ण कटिबन्धीय सदाबहार वनस्पति (ख) उष्ण कटिबन्धीय पतझड़ वनस्पति

(ग) उष्ण कटिबन्धीय मरुस्थल वनस्पति (घ) सरल वर्गीय वनस्पति

1.11 भारत का केन्द्रीय कॉफी अनुसंधान संस्थान स्थित है —

(क) जोरहट में (ख) बेंगलुरु में

(ग) चिकमगलूर में (घ) कोयम्बटूर में

1.12 पश्चिम बंगाल का IT उद्योग का सबसे प्रमुख केन्द्र है —

(क) दुर्गापुर (ख) खरगपुर

(ग) सेक्टर-V, साल्टलेक (घ) सिलीगुड़ी

1.13 भारत की जनगणना के अनुसार एक शहर की निम्नतम जनसंख्या है —

(क) 4000 (ख) 5000

(ग) 6000 (घ) 7000

1.14 भारत का सबसे बड़ा बन्दरगाह शहर है —

(क) हल्दिया (ख) चेन्नई

(ग) कोलकाता (घ) मुम्बई

## विभाग—ख

2. 2.1 निम्नलिखित में यदि कथन सत्य है तो 'T' लिखिए और यदि गलत है तो 'F' लिखिए। (कोई छ: का उत्तर दीजिए) :— 1×6=6

2.1.1 नदी का वेग मापने के लिए क्यूसेक इकाई का प्रयोग होता है।

2.1.2 समुद्र में तैरते बर्फ को हिमशैल कहते हैं।

2.1.3 भारत की सीमा से सटा हुआ श्रीलंका एक पड़ोसी देश है।

2.1.4 भारत में अरावली एक नया मोड़दार पर्वत का उदाहरण है।



https://www.westbengalboard.com

2.1.5 लोगटाक भारत की सबसे बड़ी उपझील (लागून) है।

2.1.6 "भारत का केन्द्रीय वन अनुसंधान संस्थान" देहरादून में स्थित है।

2.1.7 भारत का वन आधारित उद्योगों में एक कागज उद्योग है।

2.2 उपयुक्त शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई छ: ) :— 1×6=6

2.2.1 नील डेल्टा ______ आकार का है।

2.2.2 दो संलग्न कोरीर के मध्य उच्च भूमि को ______ कहते हैं।

2.2.3 दक्षिण भारत की सबसे ऊँची पर्वत चोटी ______ है।

2.2.4 अरुणाचल प्रदेश में ब्रह्मपुत्र ______ नाम से जानी जाती है।

2.2.5 उत्तर-पश्चिम भारत में ग्रीष्म ऋतु में उत्पन्न धूल आँधी को ______ कहते हैं।

2.2.6 ______ मिट्टी मैंग्रोव वनों की वृद्धि के लिए आदर्श मिट्टी है।

2.2.7 जामनगर ______ उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।

2.3 एक या दो शब्दों में उत्तर दीजिए (किन्हीं छ: प्रश्नों का) :— 1×6=6

2.3.1 एक नदी विसर्प के किस किनारे का अपरदन अधिक होता है ?

2.3.2 ध्रुवीय क्षेत्र में किस ऊँचाई पर हिम रेखा पायी जाती है ?

2.3.3 पवन की दिशा में समानान्तर बने बालुकास्तूप का नाम लिखें।

2.3.4 पश्चिमी हिमालय में 'ताल' क्या है ? https://www.westbengalboard.com

2.3.5 भारत के किस राज्य में गंगा नदी का डेल्टाई या निम्न भाग स्थित है ?

2.3.6 ढालू पहाड़ी पर मिट्टी अपरदन रोकने के लिए एक कृषि पद्धति का नाम लिखिए।

2.3.7 भारत का कौन-सा राज्य गन्ना उत्पादन में प्रथम स्थान पर है ?

2.3.8 भारत में प्रथम सूती मिल कहाँ स्थापित हुई ?

2.4 बायें स्तम्भ की दायें स्तम्भ से मिलान कीजिए :— 1×4=4

| बायाँ स्तम्भ | | दायाँ स्तम्भ | |
|---|---|---|---|
| 2.4.1 | नामचा बारवा | 1. | राजस्थान |
| 2.4.2 | माजुली | 2. | ओड़िसा |
| 2.4.3 | मरुस्थली | 3. | पूर्वी हिमाचल की चोटी |
| 2.4.4 | पाराद्वीप | 4. | ब्रह्मपुत्र |

## विभाग—ग

3. निम्नलिखित का संक्षिप्त उत्तर दीजिए (विकल्पों पर ध्यान दें) :— 2×6=12

3.1 "निक्षेपण" की परिभाषा दीजिए।

अथवा

जलोढ़ शंकु क्या है ?

3.2 "पाद देशीय ग्लेशियर" का क्या तात्पर्य है ?

अथवा

"तिर्यक स्तूप" की परिभाषा दीजिए।

3.3 "मैदान" से क्या समझते हैं ?

अथवा

"कच्छ का रन" क्या है ?

3.4 "पश्चिमी विक्षोभ" की परिभाषा दीजिए।

अथवा

"कृषि वानिकी" से क्या समझते हैं ?

3.5 सीढ़ीनुमा (Terrace) कृषि को परिभाषित करें।

अथवा

व्यापारिक फसलें क्या हैं ?

3.6 "विशुद्ध कच्चा माल" से क्या समझते हैं ?

अथवा

"उत्तर-दक्षिण कॉरीडोर" क्या है ?



https://www.westbengalboard.com

## विभाग—घ

4. संक्षिप्त व्याख्यामूलक उत्तर दीजिए (विकल्पों पर ध्यान दें) :— 3×4=12

4.1 उष्ण मरुस्थलीय अंचलों में वायु अपरदन अधिक प्रभावशाली होता है, वर्णन कीजिए।

अथवा

सहायक नदी एवं उप नदी में अन्तर लिखिए।

4.2 सुन्दरबन क्षेत्र में होने वाले जलवायु परिवर्तन के तीन प्रभावों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

अथवा

नदी घाटी एवं ग्लेशियर घाटी में तीन अन्तर लिखिए।

4.3 पूर्वी एवं पश्चिमी घाट पर्वत श्रेणियों में तीन अन्तर लिखिए।

अथवा

भारत की पश्चिम दिशा में प्रवाहित नदियों के मुहाने पर डेल्टा का निर्माण नहीं होता है, वर्णन कीजिए।

4.4 भारत में IT उद्योग के विकास के लिए तीन कारकों का विश्लेषण कीजिए।

अथवा

गंगा के मैदान में जनसंख्या घनत्व बहुत अधिक क्यों है ?

## विभाग—ङ

(दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए चित्रांकन आवश्यक नहीं है)

5. 5.1 निम्न से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए :— 5×2=10

5.1.1 नदी के मध्य मार्ग में उसके जमाव कार्य द्वारा निर्मित तीन स्थल आकृतियों का चित्र सहित वर्णन कीजिए।

5.1.2 उपयुक्त चित्र सहित ग्लेशियर द्वारा निर्मित तीन संचित स्थल आकृतियों का वर्णन कीजिए।

5.1.3 वायु अपरदन द्वारा निर्मित तीन स्थल आकृतियों का सचित्र वर्णन कीजिए।

5.1.4 शुष्क क्षेत्रों में वायु एवं बहते जल के संयुक्त क्रिया द्वारा निर्मित स्थल आकृतियों का वर्णन कीजिए।



https://www.westbengalboard.com

5.2 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :— 5×2=10

5.2.1 भारत के पूर्वी एवं पश्चिमी तटीय मैदानों की भौतिक विशेषताओं में अंतर स्पष्ट कीजिए।

5.2.2 भारतीय जलवायु की मुख्य विशेषताओं का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

5.2.3 भारत में धान की कृषि के लिए अनुकूल भौतिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।

5.2.4 पूर्वी भारत में लौह एवं इस्पात उद्योग की अधिकता के कारणों का वर्णन कीजिए।

## विभाग—च

6. दिये गये भारत के रेखीय मानचित्र में निम्नलिखित को उचित चिन्ह एवं नाम से दिखाइए। मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए। 1×10=10

6.1 विन्ध्य पर्वतमाला

6.2 मालाबार तट

6.3 कावेरी नदी

6.4 बहुत कम वर्षा का एक क्षेत्र

6.5 काली मिट्टी का एक क्षेत्र

6.6 उत्तर-पूर्व भारत का एक चाय उत्पादक क्षेत्र

6.7 पश्चिम बंगाल का एक पेट्रो-केमिकल औद्योगिक केन्द्र

6.8 एक भारी इन्जीनियरिंग औद्योगिक केन्द्र

6.9 पूर्वी तट पर एक कृत्रिम पोत आश्रययुक्त बन्दरगाह

6.10 नई दिल्ली

अथवा

[केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए]

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर दीजिए :— 1×10=10

6.1 भारत में राज्य पुनर्गठन का मुख्य आधार क्या है ?

6.2 भारत की सबसे पुरानी पर्वतमाला का नाम क्या है ?

6.3 भारत के प्रवाल प्रायद्वीप का क्या नाम है ?

6.4 भारत के एक ठंडे मरुस्थल का नाम क्या है ?



https://www.westbengalboard.com

6.5 DVC परियोजना किस नदी पर बनी है ?

6.6 भारत की प्रमुख खरीफ फसल कौनसी है ?

6.7 भारत के सदाबहार वनों की एक वनस्पति का नाम लिखें।

6.8 ज्वार उत्पादन में भारत के किस राज्य का स्थान प्रथम है ?

6.9 भारत का 'केन्द्रीय गेहूँ अनुसंधान संस्थान' कहाँ स्थित है ?

6.10 भारत की सबसे बड़ी आटोमोबाईल निर्माण कम्पनी का क्या नाम है ?

6.11 भारत के सबसे बड़े पेट्रोकेमिकल औद्योगिक केन्द्र का क्या नाम है ?

6.12 पूर्वी भारत का सबसे बड़ा मेट्रोपोलिटन शहर कौनसा है ?

6.13 मुम्बई के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम क्या है ?

6.14 भारत के किस राज्य की साक्षरता दर सबसे अधिक है ?

## विभाग—छ

[केवल वाह्य परीक्षार्थियों के लिए]

7. 7.1 किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :— 2×3=6

7.1.1 कैनियन क्या है ?

7.1.2 'वर्षाशुण्ड' किसे कहते हैं ?

7.1.3 'दीपाभगिरि' से क्या समझते हैं ?

7.1.4 "काल वैशाखी" क्या है ?

7.2 किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :— 1×4=4

7.2.1 उत्तर-पूर्व भारत के एक पठार का नाम क्या है ?

7.2.2 भारत में 'बागर' कहाँ स्थित है ?

7.2.3 गंगा नदी की एक उप नदी का नाम क्या है ?

7.2.4 एक रेशेदार फसल का नाम दीजिए।

7.2.5 एक कृषि पर आधारित उद्योग का उदाहरण दीजिए।

https://www.westbengalboard.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से



https://www.westbengalboard.com